Title: Re: Need to undertake electrification of all the villages and hamlets in Palamu Parliamentary Constituency.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के अंतर्गत न केवल सभी गांवों बल्कि सभी घरों को विद्युतिकृत करने का कार्य किया गया है परन्तु दुर्भाग्यवश कतिपय कारणों से राज्य के कई जिलों में ऐसा नहीं हो सका है। खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू एवं मेरे बगल के संसदीय क्षेत्र चतरा में। इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को अभी तक सफलता नहीं मिली है एवं मेरे संसदीय क्षेत्र के पलामू एवं गढ़वा जिलों में बड़ी संख्या में गाँवों/टोलों को विद्युतिकृत करना शेष रह गया है।

अतः माननीय मंत्री, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री जी से माँग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सभी गाँवों का प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के अंतर्गत विद्युतिकरण किया जाए।